शब्दसंसार

# सर्वनाम







HLP Project S&T Mission Mode Government Of India
Department of Speech-Language Pathology
AYJNIHH, Bandra MUMBAI 400 050

# ACKNOWLEDGMENT

A systematic training material easily accessible to teachers and parents of the language disordered children, a cherished distant dream has become a reality. Thanks to Science and Technology Mission Mode, Govt. of India for helping us realize this, by providing financial assistance. Their regular review and suggestions enabled us critically evaluate the material.

We are indebted to Shri Rangasayee, Director, A.Y.J.N.I.H.H. for motivating us to take up this comprehensive project and providing continuous support and guidance at every stage of the project.

Such extensive material needed critical evaluation for which we are grateful to Dr. Vijayalakshmi Basavraj, Dy. Director (Tech.), A.Y.J.N.I.H.H. who gave invaluable suggestions and support.

We highly appreciate and thank Dr. Geetha Mukundan, Reader & Head, Department of Speech-Language Pathology, A.Y.J.N.I.H.H. for providing departmental facilities and steady support throughout the project. Our special thanks to Mrs. Varsha Gathoo, Reader and Head, Department of Education, A.Y.J.N.I.H.H., for the feedback and suggestions which helped us to improve upon our earlier drafts.

We thank Dr. Sureshkumar, Ex-Director of Kendriya Hindi Sansthan, Agra and Dr. Medha Karbhari - Adhyaru for their guidance in finalizing the list of vocabulary of the books.

We appreciate the co-operative and unconditional support provided by the respective Principals and Teachers of the following Special Schools for The Hearing Impaired in Delhi and Mumbai, who in spite of their busy schedule dedicated their valuable time for field testing the material without which the material would not have taken this shape.

Asha Special School, New Delhi, Association of Welfare of Handicap, Faridabad, New Delhi, Awaz Special School for Deaf, New Delhi, Koshish School for Deaf, Malad, Mumbai, M.P.K. Welfare Centre for Hearing and Speech Handicapped, Harayana, Pragati School for Deaf, Dadar, Mumbai, Premalabai Chavan School for Deaf, New Delhi, Rochiram Thandhani School for Hearing Handicapped, Chembur, Mumbai, Shivaji Park School for the Deaf, Mahim, Mumbai, Shruti School for Deaf, Juhu, Mumbai, Utkarsha School for the Deaf, Vile Parle, Mumbai, Welfare Center for Impaired, Sonepat, New Delhi, Welfare Centre for Hearing and Speech Handicapped, Gurgaon, New Delhi.

The parents of children with hearing impairment provided us with positive feedback on this material and stressed the utility and need for such material. We are highly indebted to them. A heart felt thanks to them.

Development of the books would have been incomplete without the support of the proofreaders. We take this opportunity to thank Mrs. Namrata Pawar, Hindi Section, A.Y.J.N.I.H.H. and Mr. Chandravir Banshidhar Yadav for proof reading the material.

We acknowledge Prof. J.C. Sharma for helping us with statistical analysis.

We are grateful to Mrs. Meenal Umrao and Mrs. Nayna Shinde for their umatched consistent and robust hardwork and sometimes working during odd hours to catch up with the project work.

The prompt support always provided by Mr. Nitin Warekar, Hardware Engineer, Establishment, Accounts and Hindi Section is greatly valued.

Usha Dalvi
Principal Investigator

Sadhana Relekar
Co Investigator

# PROJECT DETAILS

*Funded by* : *S & T mission mode, Government of India.*

*Conducted by* : *Department of Speech-Language Pathology, Ali Yavar Jung National Institute for the Hearing Handicapped, Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India, Bandra,, Mumbai - 50.*

*Project Group:*

- *Principal Investigator* : *Mrs. Usha Dalvi (Lecturer, A.Y.J.N.I.H.H.)*
- *Co-Investigator* : *Ms. Sadhana Relekar (Lecturer, A.Y.J.N.I.H.H.)*

*Research Team:*

- *Linguist* : *Dr. Rita Mathur*
- *Special Educator* : *Mrs. Bindiya Kamble*
- *Special Educator* : *Mrs. Sneha Tambe*

*Illustrations:*

- *Commercial Artist* : *Ms. Leena Teli*
  *Ms. Varuna Naik*

*Layout and Visualization* : *Sun Graphics*

*Copy right:*

*All rights reserved. No part of this book may be reproduced stored in retrieval system, or transmitted in any means, electronic mechanical, photocopying, recorded or otherwise, without written permission of ...................................*

## दो शब्द शिक्षकों एवम् अभिभावकों से

श्रवण बाधित बच्चों में भाषा ज्ञान के संवर्धन और परिवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहे हैं। परंतु इन प्रयासों की जानकारी केवल कुछ ही लोगों को है जो इस समस्या के प्रति जागरुक हैं। यह भी देखने में आया है कि श्रवण बाधित बच्चों में बोलने की क्षमता व भाषिक विकास के लिए आवश्यक सामग्री का भी अभाव है। ये बच्चे संपूर्ण रूप से स्वस्थ एवं मानसिक रूप से सामान्य होते हैं, केवल श्रवण विकलांगता के कारण भाषिक ज्ञान से वंचित रह जाते हैं। इस कमी को पूरा करने के लिये ही यह पुस्तक मालिका प्रस्तुत की जा रही है। इस पुस्तक मालिका में क्रमिक रूप से भाषा के जटिल रूपों को सरल चित्रों व सरल लेखन के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। यह पुस्तक मालिका तीन वर्गों में विभाजित है। प्रथम - वर्ण संसार,द्वितीय - शब्द संसार तथा तृतीय - वाक्य संसार। जैसा कि नाम से विदित है, यह पुस्तकमालिका क्रमश: वर्णमाला, शब्द संरचना और वाक्य विन्यास का ज्ञान कराती है । भाषा का ज्ञान कराने वाली पुस्तकें बहुत सी हैं जो हिंदी की सभी व्याकरणिक कोटियों का ज्ञान कराती हैं, किंतु सभी पुस्तकें पाठ्यक्रम के अनुसार निर्मित हैं और सामान्य विद्यार्थी के लिए लाभप्रद भी है, पर ये श्रवण बाधित बच्चे अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के कारण उन पुस्तकों का लाभ नहीं उठा पाते। श्रवण विकलांगता के कारण वे प्रायः भाषा सीखने और उसके बहुत से प्रयोगों, उदाहरण स्वरूप भाषा के अलंकारिक प्रयोग से अनभिज्ञ रह जाते हैं। अत: इन बच्चों की शब्द आधारित भाषा सीखने की असमर्थता को ध्यान में रखते हुए ही इस पुस्तक मालिका की रचना की गई है।

'वर्ण संसार' की पुस्तिकाएँ वर्णो के आकार और रूप का ज्ञान कराती हैं। 'शब्द संसार' की पुस्तिकाएँ शब्दों के विभिन्न प्रयोगों और उनके व्यापक अर्थ का परिवर्धन कराती हैं तथा 'वाक्य संसार' की पुस्तिकाएँ विभिन्न वाक्यों की संरचना एवं हिंदी व्याकरण की जटिलताओं को सरल रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास करती हैं। इस पुस्तक मालिका से दो वर्ष से आठ वर्ष के आयु वर्ग के श्रवण बाधित बच्चों में भाषा विकास संपूर्ण रूपसे हो जाएगा, यह समझना सही नही होगा। परन्तु इस पुस्तक मालिका का प्रयोग इन बच्चों के अध्यापकों, अभिभावकों एवं अन्य वे सभी जो भाषा अल्पता एवं शुद्धता की समस्या को सुलझाना चाहते हैं, उनका पथ एवं दिशा निश्चित करने में सहायक होगी। साथ ही यह पुस्तकमालिका सभी बच्चों में भाषा अर्जन, बोलना, वाचन और लेखन क्षमताओंका विकास करने में भी सहायक सिद्ध होगी। कृपया इस विषय में अपने अनुभव हमें अवश्य बताएँ । इस पुस्तक मालिका को सहायक सामग्री के रूप में और अधिक परिवर्धित एवं उपयोगी करने की दिशा में आपके सुझाव आमंत्रित हैं।

धन्यवाद ...

प्रथम

## पुरुषवाचक सर्वनाम (एकवचन)

### मैं, मुझे, मुझको, मेरा, मेरी, मुझसे, मेरे, मैंने

**सर्वनाम**

संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किये जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

जैसे : मैं उषा को लेकर, उसके घर गया।

उपर्युक्त वाक्य में '**मैं**' और '**उसके**' यह शब्द **सर्वनाम है** क्योंकि **इनका प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया गया है।** इन में सबका नाम बनाने की क्षमता होने के कारण ही यह शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

सर्वनाम ना हो तो भाषा में संज्ञा शब्द को बार-बार दोहराना पड़ता है, जिससे वाक्य अटपटे लगते हैं।

जैसे : रीटा और मोहन बाजार गए । रीटा और मोहन ने सामान खरीदा। रास्ते में रीटा और मोहन अपने मित्रों से मिले।

सर्वनाम के उपयोग के बाद ये वाक्य कैसे सुलभ लगते हैं, यह देखेंगे।

'रीटा और मोहन बाजार गए । उन्होंने सामान खरीदा। रास्ते में वे अपने मित्रों से मिले'।

दूसरे वाक्य में सर्वनाम (उन्होंने, वे) का प्रयोग करने से वाक्य छोटा और सरल हो गया।

## पुरुष वाचक सर्वनाम

**बोलने वाले, सुनने वाले या किसी अन्य व्यक्ति के लिए उपयोग किये हुए सर्वनामों को पुरुष वाचक सर्वनाम कहते हैं।** ये तीन प्रकार के होते हैं।

जैसे:

1) प्रथम पुरुषवाचक सर्वनाम/उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम

मैं स्कूल जा रहा हूँ। **जब हम खुद के बारे में बताते हैं** और अपने नाम के अलावा **'मैं' 'मेरा'**

**'मेरे'इन सर्वनामों** का प्रयोग करते हैं तो वह **प्रथम पुरुष वाचक एवं उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम** कहलाता है।

2) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम

तुम कहाँ जा रहे हो? **जिस सर्वनाम का प्रयोग हम सुनने वाले के लिए (उसके नाम के अलावा) करते हैं उसे मध्यम पुरुष वाचक सर्वनाम कहते हैं।** जैसे : **तुम, तुम्हारा, तुम्हारी** या **आप, आपकी** इत्यादि।

3) अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम

वह पढ़ने लगा। इस वाक्य में **'वह' यह सर्वनाम का प्रयोग किसी अन्य व्यक्ति के लिए उसके नाम के अलावा किया गया है।** इसे **अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम** कहते हैं। जैसे : वह, ये, वे, इसका इत्यादि।

पुरुषवाचक सर्वनाम कर्ता कारक, कर्म कारक, संबंध कारक के अनुसार रुप बदलते हैं।

| कर्ता कारक | कर्म कारक | संबंध कारक |
|---|---|---|
| मैं | मुझे / मुझको | मेरा / मेरी |
| हम | हमें / हमको | हमारा / हमारी |
| तुम | तुमको | तुम्हारा / तुम्हारी |
| आप | आपको | आपका / आपकी |
| वह | उसको | उसका / उसकी |

# प्रथम पुरुषवाचक सर्वनाम (एकवचन)

सर्वनाम ना हो तो भाषा में संज्ञा शब्दों को बार-बार दोहराना पड़ता है। जिससे वाक्य अटपटे लगते हैं।

**जैसे :** इधर नीता खुद के बारे में बोलते वक्त सर्वनाम का उपयोग नहीं करती है। वह अपने नाम का प्रयोग बार-बार करती है तब वाक्य कैसे अटपटे लगते हैं यह हम देखेंगे।



1) नीता लड़की है।

2) मैं नीता हूँ।

3) ये नीता का घर है।

4) ये नीता की पाठशाला है।

5) ये नीता की किताबे हैं।

6) यह नीता की माँ है।

7) यह नीता का भाई है।

8) यह नीता के पिताजी हैं।

9) नीता ने माँ से कहा, "माँ नीता को भूख लगी है। नीता को खाना दो"।

10) माँ ने नीता को खाना दिया।

जब हम खुद के बारे में बोलते, कहते हैं तब प्रथम पुरूषवाचक सर्वनाम मैं, मुझे, मुझको, मेरा, मेरी, मुझसे, मेरे, मैंने का प्रयोग करते हैं।

अब देखते हैं यही सारे वाक्य अगर नीता सर्वनाम का प्रयोग करके कहेगी तो कैसे कहेगी?



**मैं** लड़की हूँ ।
**मेरा** नाम नीता है ।
यह **मेरा** घर है ।
यह **मेरी** पाठशाला है ।
ये **मेरी** किताबें हैं ।
यह **मेरी** माँ है ।
यह **मेरा** भाई है ।
यह **मेरे** पिताजी हैं ।
**मैंने** माँ से कहा, "माँ **मुझे** भूख लगी है ।
**मुझे** खाना दो । "
माँ ने **मुझे** खाना दिया ।

इन वाक्यों में मैं, मेरा, मेरी, मैंने, मुझे यह सब प्रथम पुरुषवाचक सर्वनाम

(एकवचन) हैं। हम खुद के बारे में बोलते हैं तब हम मैं, मुझे, मेरा, मेरी. . . . .

ऐसे शब्दों का प्रयोग करते हैं।

## गतिविधियाँ:

**I) निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और प्रथम पुरुषवाचक सर्वनाम पर गोल कीजिए ।**

जैसे: कल राहुल (मेरे) घर आया था।

1) मेरे दादाजी अच्छी कहानी सुनाते हैं ।

2) मुझे बारिश का मौसम अच्छा लगता है ।

3) राहुल ने मेरे लिए किताब लायी ।

4) माँ ने मुझसे हार मँगवाया ।

5) मैंने घर का चित्र बनाया।

**II) सही सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

जैसे: दादाजी ने (मेरे) / मुझे / मैं लिए खिलौने लाए हैं।

1) यह मैं / मेरी / मुझे पाठशाला है ।

2) कल रात को मेरी / मुझको / मैंने सपना देखा ।

मेरी
3) मेरे माँ ने लड्डू बनाये ।
मैं

मुझसे
4) टीचर ने मुझे शाबासी दी ।
मेरी

मैंने
5) मेरी बगीचे में खेलने जाती हूँ ।
मैं

**III) सही सर्वनाम चुनकर रिक्त स्थान भरिए।**

(मेरा, मेरे, मुझे, मुझसे, मैंने, मेरा, मेरी, मैं )

1) _____ रोहन हूँ ।

2) _______ बहन का नाम गीता है ।

3) गीता ने _______ राखी बाँधी ।

4) कल ______ राम को उपहार दिया ।

5) आज ________ मामा जी भी घर आएंगे ।

6) ______ माँ खीर बनाएगी ।

7) समीर ने _______ किताब माँगी।

8) _____ खीर खाऊँगा ।

## IV) तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए ।

| | | |
|---|---|---|
| मुझे | खाना | हूँ। |
| | पतंग | उड़ायी। |
| मैंने | शर्ट | खरीदा। |
| | | दो। |
| मैं | सीमा | जाऊँगी। |

जैसे:

मुझे पतंग दो।

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

## IV) निम्नलिखित सर्वनाम का प्रयोग करके वाक्य बनाइए।


1) मुझे : मुझे कल म्युजियम ले जाओगे?

2) मेरा : ______________________________

3) मैं : ______________________________

## प्रथम पुरुषवाचक सर्वनाम (बहुवचन)

जब हम एक से ज्यादा व्यक्ति के बारे में बोलते हैं तो बहुवचन प्रयोग करते हैं।



यहाँ राहुल खुद के और दोस्तों के बारे में सर्वनाम का प्रयोग किये बिना कुछ कह रहा है। सर्वनाम के प्रयोग बिना वाक्य कैसे अटपटे लगते हैं यह देखेंगे।

ये राहुल, रोहन और नीता हैं।

**राहुल, रोहन और नीता** सब दोस्त हैं।

रोज शाम **राहुल, रोहन और नीता** बगीचे में जाते हैं।

**राहुल, रोहन और नीता** अलग-अलग तरह के खेल खेलते हैं।

रोज सुबह जल्दी उठकर **राहुल, रोहन और नीता** स्कूल जाते हैं।

**राहुल, रोहन और नीता** के स्कूल का नाम आशा विद्यालय है।

**राहुल, रोहन और नीता** एक ही क्लास में पढ़ते हैं।

**राहुल, रोहन और नीता** एक दूसरे के पड़ोस में रहते हैं।

**राहुल, रोहन और नीता** का स्कूल बहुत बड़ा है।

**राहुल, रोहन और नीता** को टेबल-टेनिस खेलना पसंद है।

अब देखेंगे यही सब वाक्य अगर राहुल सर्वनाम का प्रयोग करके कहेगा तो कैसे कहेगा?



राहुल : मैं राहुल हूँ । यह रोहन है और यह नीता है ।

**हम** सब दोस्त हैं।

रोज शाम **हम** बगीचे में जाते हैं।

**हम** अलग-अलग तरह के खेल खेलते हैं।

रोज सुबह जल्दी उठकर **हम** स्कूल जाते हैं।

**हमारे** स्कूल का नाम आशा विद्यालय है।

**हम** एक ही क्लास में पढ़ते हैं।

**हम** एक दूसरे के पड़ोस में रहते हैं।

**हमारा** स्कूल बहुत बड़ा है।

**हमें** टेबल-टेनिस खेलना पसंद है।

ये बच्चे सर्वनाम का प्रयोग करके कैसे बातें करेंगे यह जानिए।



**गतिविधियाँ:**

**I) निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) हमारा देश बहुत अच्छा है।

2) आज सुबह हम से फूलदान टूट गया।

3) हमें 1947 में आजादी मिली।

4) कल हमारी माँगे पूरी हो गयी।

5) हम सब ने गाँव का रक्षण किया।

**II) सही सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) पिताजी ने हमें / हमारे / हमसे लिए खिलौने लाए।

2) स्कूल में जब हम / हमारी / हमें शरारत करते हैं, तो टीचर डाटती हैं।

3) छुट्टियों में हमने / हमें / हमसे घूमना अच्छा लगता है।

4) हमें / हमारी / हमारा गाँव बहुत दूर है।

5) श्रमदान के दिन हमें / हमने / हमारी स्कूल का मैदान साफ किया।


III) निम्नलिखित तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | हमारा | बुलाया | है। |
| | हमें | घर अच्छा | |
| क्या | हमने | पिताजी बाहर गए | |
| | हमारे | कुर्सी तोड़ी | हैं? |
| | हम | पाठशाला बंद | |
| | हमारी | घूमने जानेवाले | |

## IV) वाक्य पढ़िए और रिक्त स्थानों पर उचित सर्वनाम लिखिए।


जैसे:











तुम कहाँ जा रहे हो ?
----- घूमने जा रहे हैं ।
तुम्हें क्या चाहिए ?
------ गेंद चाहिए ।
तुम्हारी माँ कहाँ गयी है ?
------ माँ बाजार गयी है।
बच्चों क्या तुमने अपनी पढ़ाई पूरी की ?
हाँ, ----- पढ़ाई पूरी की ।


तुम्हें सर्कस देखनी है?
नहीं, _____ सब पार्क जाएंगे।
माँ, _____सब के लिए कल समोसे बनाओगी?
तुमने क्रिकेट मैच देखा?
हाँ, _____सबने क्रिकेट मैच देखा।
वह तुम्हारे कौन है ?
वह ------- दादा जी हैं ।




**V) निम्नलिखित सर्वनाम इस्तेमाल करके वाक्य बनाइए।**

1) हमें : ____________________

2) हम : ____________________

3) हमारा : ____________________

4) हमसे : ____________________

5) हमारे : ____________________

## पाठ 2

### मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम

### तुम, तुम्हें, तुम्हारा, तुम्हारी, तुम्हारे, तुमसे, तुमने

**जब हम किसी दूसरे व्यक्ति के साथ बात करते हैं,** जो हम उम्र हो जैसे हमारे दोस्त, भाई, बहन उन्हें संबोधित करते वक्त हम **तुम, तुम्हें, तुम्हारा, तुम्हारी** इन शब्दों का प्रयोग करते हैं । इन शब्दों को **मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम** कहते हैं। जैसे तुम्हारा घर बहुत अच्छा है। मैं तुम्हें कल मिलूँगी। अगर सर्वनाम न हो तो वाक्य में संज्ञा शब्दों को बार-बार दोहराना पड़ता है और वाक्य अटपटे लगते हैं। जैसे- नीता और राहुल दोस्त हैं। दोनों बातें कर रहे हैं।



लेकिन बात करते वक्त हम-तुम, तुम्हारे, तुम्हें . ... ... . इन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करते हैं । अब देखते हैं यही सारे वाक्य नीता और राहुल सर्वनाम का प्रयोग करके कैसे कहेंगे??



**गतिविधियाँ:**

**I ) निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

जैसे: (तुम्हारी) माँ कहाँ है?

1) क्या तुम्हे भूख लगी है ?

2) गलती से नीता ने तुम्हारी बैग उठा ली।

3) तुमने बहुत अच्छा काम किया ।

4) दादी ने गीता से पूछा, "तुम्हारी माँ कहाँ गयी है ? "

5) तेरी शर्ट बहुत महँगी है।

**II) योग्य सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) यह तुम्हारे / तुम्हारी / तुझे पाठशाला है ।
तुम्हारी
तुझे

2) टीचर ने बच्चों से पूछा, "आज तुझसे कौनसी कहानी सुननी है ?"
तुम्हें
तुझे

3) इस फ्रॉक में तुम सुंदर दिख रही हो।
तेरी
तुझे

4) टीचर ने राहुल से पूछा , " क्या यह चित्र तुझे बनाया है ?"
तुमने
तुम

**III) निम्नलिखित तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| तुम्हारी | पढ़ाई | खाना है ? |
| तुम | क्या | लो । |
| तुम्हे | केक | कहाँ है ? |
| तुझे | नींद | कर ली ? |
| तुमने | कापी | आ रही है । |

माँ ने मीना से पूछा , "

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

**IV) निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए ।**

1) तुम्हारा = ______________________________

2) तुमने = ______________________________

3) तुझे = ______________________________

4) तुम्हें = ______________________________

5) तुम = ______________________________


## V) वाक्य पढ़िए और रिक्त स्थानों पर उचित मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम लिखिए।













मैं _____डाक्टर के पास ले जाती हूँ।
मुझे चोट लगी है ।
हाँ! रामू हमेशा _____के बारे में बातें करता है।
नमस्ते मैं सोहम हूँ।
इस बार___ गेंद ले लो।
नहीं, मुझे गेंद नहीं चाहिए। ___ हमेशा ऐसे ही करती हो।
क्या____ इस में तैर पाओगे ?
हाँ! ______ तैरना सीखना है।


क्या ____ बैठोगे?
नहीं, मैं खड़ा ही ठीक हूँ।
______ क्या लिख रहे हो ?
मैं निबंध लिख रहा हूँ।
राहुल ____ कब उठोगे ?
माँ, मुझे अभी और सोना है।
______ दोस्त अब तक नहीं आए?
अभी गया। इतनी देर तक____ राह देख रहे थे।


इन में _____ पेन कौन सा है ?

काला पेन मेरा है ।




जाओ ____ टिफिन लेकर आओ।

माँ मुझे चार केक दो।



_____दोस्त का नाम क्या है ?

मेरी दोस्त का नाम शीला है ।



क्या _____ तैरना आता है ?

हाँ, _____ तैरना आता है ।





लगता है _____ माँ कुछ स्वादिष्ट खाना बना रही है।


क्या ____ पढ़ाई की ?
हाँ, मैंने पढ़ाई पूरी कर ली।

## मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम (आदरसूचक )

### आप, आपको, आपका, आपकी, आपके, आप ने, आप से

**अपने से बड़े उम्र के व्यक्ति या आदरणीय व्यक्ति** (जैसे पिताजी, मामा, दादाजी, चाचाजी, अनजान व्यक्ति, शिक्षक. . . . .) **के साथ बात करते वक्त हम "आप, आपको, आपका, आपने ऐसे शब्दों का प्रयोग करते हैं । इन्हें "मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम" (आदरसूचक) कहते हैं।**




राहुल : पिताजी, कल **आप** मेरे स्कूल में आएंगे?

पिताजी: क्यों तुम्हारे स्कूल में क्या है?

राहुल : मेरे स्कूल में कल मेरा रिजल्ट निकलने वाला है । **आपको** तो आना ही पड़ेगा ।

पिताजी :ठीक है , मैं तुम्हारे साथ आऊँगा ।

राहुल :दादाजी, पिछली बार आपने कहा था आप आएंगे।
क्या **आप** भी मेरे स्कूल आएंगे।

इसी तरह हम बहुत से व्यक्तियों को संबोधित करते हुए भी आप सर्वनाम का प्रयोग करते हैं । जैसे स्कूल में मास्टर जी बच्चों से बात करते हैं:-




टीचर : बच्चों, आज **आपका** रिजल्ट देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है और

**आप** भी बहुत खुश होंगे। **आप** अब यह स्कूल छोड़कर कॉलेज जाएंगे।

मैं **आप** का अभिनंदन करता हूँ।

**गतिविधियाँ:**

**I)निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) आपका घर बहुत सुंदर है।

2) क्या आपके पिताजी घर पर हैं?

3) आपने जो काम कहा था वो मैंने पूरा किया।

4) क्या फूलदान आप से टूट गया?

5) माँ आपकी साड़ी बहुत अच्छी है।

**II)सही सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) दादा जी, क्या आपने अखबार चाहिए?
आप
आपको

2) चाचा जी, आपसे कहाँ जा रहे हो?
आप
आपको

3) पिताजी क्या आपको पानी माँगा?
आपने
आप

4) बच्चों आज मैं आप से एक कहानी सुनाती हूँ।
आप ने
आप को

5) टीचर ने बच्चों से कहा , " आप को कापी निकालो।"
आप ने
आप की

**III) निम्नलिखित तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| आपका<br>आपकी<br>आपके | पेंसिल<br>स्कूल<br>कमीज<br>बच्चे<br>घर | कहाँ है ? |

______________________________________________

______________________________________________


______________________________________________


______________________________________________

______________________________________________

**IV) वाक्य पढ़िए और रिक्त स्थानों पर उचित मध्यम पुरुषवाचक (आदर सूचक) सर्वनाम लिखिए।**





____ दोनों कहाँ जा रही हो ?
हम चाचा जी के घर जा रहे हैं?


चलो बच्चों अब _____ यह गणित करो।
3+5=


दादीजी _____ कोई मिलने आया है ।
कौन है?


किसके बारे में पढ़ाऊँ ?
सर, हम ____ कुछ पूछना चाहते हैं।


माँ _____ के लिए क्या लाऊँ?
जूस लाओ।


अब _____ तबीयत कैसी है ?
अब मेरी तबीयत ठीक है।




V) निम्नलिखित सर्वनाम का प्रयोग करके वाक्य बनाइए।

1) आप = ____________________

2) आप की = ____________________

3) आप ने = ____________________

4) आपको = ____________________

5) आप के = ____________________


## पाठ-3

### अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम (एकवचन)

### वह, उसने, उससे, वे

**जब हम किसीके बारे में बात करते हैं जो वहाँ उपस्थित नहीं है तब** उनका उल्लेख करने के लिए **हम 'यह', 'वह', 'उसका', 'उसे', 'वे'** इन **सर्वनामों** का उपयोग करते हैं उन्हें **अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम** कहते हैं।जैसे: वे सब चले गये। वो यहाँ नहीं आया।




वो क्यों आयी थी?
उसकी माँ ने प्रसाद भेजा है।
सब कहाँ गए?
वे पार्क गए।

गतिविधियाँ:

I. **निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) उसने क्या लाया?

2) मुझे वो शाम को मिलेगा।

3) मैं उसे नहीं पहचानती।

4) मैंने उससे कहा "यह काम मुझसे नहीं होगा"।

5) यह काम उनको दे दीजिए।

II. **सही अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) उसे मेरी पेन ले आना।
उससे
उनको

2) बक्सा उन्हें नहीं है।
वह
उनका

3) वे अब नहीं आएंगे।
उन
उनका

4) मुझे टी.वी. उनसे लिए खरीदना है।
उनके
उससे

5) उसने क्या चाहिए।
उसकी
उसे

**III.रिक्त स्थानों पर उचित अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम लिखिए।**

(उनको, उनका, उनके, वे, वो, उनकी)

जैसे :







कभी-कभी _____ गाना गाते हैं ।


_____ पास एक बल्ला
और हैं। आज _____
क्रिके रहे हैं।

**IV) निम्नलिखित तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वह | चाचाजी | नाराज | करेगा? |
| उससे | कौन | बात | हैं |
| उनसे | हम | | |

**V) निम्नलिखित सर्वनाम का प्रयोग करके वाक्य बनाइए।**

1) वह - ______________________________

2) उस पर - ______________________________

3) वे लोग - ______________________________

4) उसकी - ______________________________

5) उनके लिए - ______________________________

# पुनरावलोकन

**(मैं, तुम, हम, आप, वे, उनको, उसने )**

**I) उचित सर्वनाम का प्रयोग करके वाक्य फिरसे लिखिए।**

1) मैं, मेरी माँ, पिताजी और दादी इस घर में रहते हैं । (हम )

हम इस घर में रहते हैं।

2) मैं राजू हूँ । राजू का खेत बहुत बड़ा है। (मेरा)

____________________________________

3) रवी ने नेहा से पूछा, "क्या नेहा ने नई साइकिल खरीदी?" (तुमने)

____________________________________

4) दीपक ने दादाजी से पूछा, "क्या दादाजी का चश्मा खो गया है?" (आपका)

____________________________________

5) टीना ने रीमा से पूछा, "मुझे रीमा से बात करनी है"। (तुमसे)

____________________________________

6) अनु ने वरुण से कहा, "अनु और वरुण नीता के घर जाएंगे" । (हम)

____________________________________

**II) वाक्य पढ़िए और निर्देश के अनुसार रिक्त स्थानों में उचित सर्वनाम लिखिए।**

जैसे:

1) _______ भाई का नाम सचिन है। (प्रथम पुरुष वाचक एकवचन)

मेरे भाई का नाम सचिन है।

2) दादाजी क्या मैं ________ के पैर दबाऊँ ? (मध्यम पुरुषवाचक आदर सूचक)

_______________________________________________

3) तुम ______ साथ चलो । (प्रथम पुरुषवाचक बहुवचन)

_______________________________________________

4) ______ यह काम जरुर करना होगा। (मध्यम पुरुषवाचक)

_______________________________________________


5) यह काम _______ नहीं होगा। (प्रथम पुरुष वाचक एकवचन)


_______________________________________________


6) ______ने मेरी किताब फाड़ी।(अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम)

_______________________________________________

III ) वाक्य पढ़िए और रिक्त स्थानों पर उचित सर्वनाम लिखिए।




हाँ, ये ______ खिलौने हैं।
क्या ये खिलौने तुम्हारे हैं ?


चाचाजी _____ कहाँ जा रहे हैं ?
हम स्कूल जा रहे है ।


बच्चों _____ कौनसा खेल पसंद है ?
हमें कबड्डी खेल पसंद है।


हाँ,यह पीली फ्रॉक मेरी है ।
क्या यह पीली फ्रॉक ______ है ?


मुझे गुड़िया चाहिए । क्या _____ भी गुड़िया चाहिए?
नहीं, ________ पतंग चाहिए।


पिताजी ______ दोस्त कब आने वाले हैं ?
मेरे दोस्त शाम को आनेवाले हैं।

V) नीचे दिए सर्वनाम शब्दों से वाक्य बनाइए।

1) आप ने = ____________________

2) मेरा = ____________________

3) तुम = ____________________

4) आप से = ____________________

5) मुझे = ____________________

6) उसने = ____________________

7) वो = ____________________

8) उससे = ____________________

9) तुम्हारी = ____________________

10) हमारे = ____________________

11) वे = ____________________

12) तुमसे = ____________________

13) मैं = ____________________

14) हमें = ____________________

पाठ-5

## निश्चयवाचक सर्वनाम

**यह, ये, वह, वे, इस, उस, इस ने, उस ने, इसका, उसका. . .**

**किसी उपस्थित वस्तु या व्यक्ति की ओर निश्चयपूर्वक संकेत करते समय हम यह, ये, वह जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं। इन शब्दों को निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।** यह, वह, ये, वे यह शब्द निश्चयवाचक सर्वनाम और अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम दोनों में होते हैं। मगर जब यह, वह, ये, वे, उससे, उसने यह शब्द में किसी अनुपस्थित (जो वहाँ नहीं है) व्यक्ति या वस्तु के लिए प्रयोग करते हैं तब वह शब्द अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। लेकिन जब यह, वह, ये, वे यही शब्द हम किसी उपस्थित व्यक्ति या वस्तु की ओर संकेत करने के लिए प्रयोग करते हैं तब उन्हें निश्चय वाचक सर्वनाम कहते हैं।


जैसे: वह चला गया। अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

यहाँ मेरा भाई है और वह उसकी शर्ट है । निश्चयवाचक सर्वनाम

निश्चयवाचक सर्वनाम को 'संकेत वाचक सर्वनाम भी कहा जाता है'।

पढ़िए और निश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग समझिए।


**जब एक वस्तु या एक व्यक्ति हमारे पास है।**



**तब हम कहेंगे।**

**यह** फूल है। **इस** फूल को तोड़ो।


**जब अनेक वस्तुएँ, अनेक व्यक्ति हमारे पास है।**



**तब हम कहेंगे,**

**ये** फूल हैं। **इनको** (फूलों को) तोड़ो

**जब एक वस्तु या व्यक्ति हम से दूर है।**



**तब हम कहते हैं,**

**वह** औरत है।

**उसको** (औरत को) बुलाओ।

**जब अनेक वस्तुएँ या व्यक्ति हम से दूर हैं।**



**तब हम कहते हैं,**

**वे** औरतें हैं।


**उनको** (औरतों को) बुलाओ।




**यह** नीता का घर है ।
आज <u>उसका</u> जन्मदिन है ।
(उसका-नीता का)
**उसने** नये कपड़े पहने हैं।
(उसने- नीता ने)

**उसके** सारे दोस्त पार्टी में आये हैं ।
(उसके - नीता के)
<u>उन्होंने</u> उपहार लाए हैं । (उन्होंने-दोस्तों ने)
**वे** सारे बहुत खुश हैं । (वे - दोस्त)
नीता भी खुश है।







**यह** केक है ।
**इसको** (केक) नीता काटेगी।
(इसको -केक को)




**ये** मोमबत्तियाँ हैं।
**इन को** (मोमबत्तियों को) जलाओ।




**वे** अलग-अलग आकार के गुब्बारे हैं।




**वह** डिब्बा है।
**उस में** (डिब्बे में )चॉकलेट हैं।




**इस** (मेज) पर केक है।
**यह** मेज है।



**वह** गेंद है।
**उसको** (गेंद ) लाओ।



**ये** फूल हैं।
**इनको** (फूलों कों )
फूलदान में रखो।



**वे** खिलौने हैं।
**उनको** (खिलौनों को)
अलमारी में रखो।

**गतिविधियाँ:**


**I) निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और निश्चयवाचक सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) उन फूलों को टोकरी में रखो ।
2) वह कुर्सी है ।
3) उस शर्ट को इस्त्री करो ।
4) बच्चे इस गेंद से खेलते हैं।
5) टेलीफोन को उस मेज पर रखो।


**II) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़िए और निश्चयवाचक सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

बगीचे में बच्चे खेल रहे थे। वो कहाँ गये? उनको यहाँ बुलाओ। इन लड्डूओं को बच्चों में बाँटो । बाद में इस गेंद से उनके साथ खेलो। इस में उन बच्चों को बड़ा मजा आएगा ।


**III) रिक्त स्थान में सही सर्वनाम लिखकर वाक्य पूरा कीजिए।**




यह केले हैं।
______ केलों को टोकरी में रखो।




ये किताबें हैं।
____ किताबों को अलमारी में रखो।




________ यह लड़के हैं।
इन लड़कों को चॉकलेट दो।




----- औरतें हैं।
उन औरतों को फूल दो।



----- पेड़ है।
उस पेड़ पर चढ़ो।



वे लड़कियाँ हैं।
------ लड़कियों को बुलाओ।



------ झोपड़ी है।
उस झोपड़ी में बूढ़ी औरत रहती है।

## IV) सही सर्वनाम लिखकर रिक्त स्थान भरिए।

1)देखो, _______ सफेद पंछी उड़ रहे हैं । (वे, यह)

2) _____ मेरी साड़ी है । _______ को धो डालो । (ये, यह, इस,उस)

3) _______ हमारी गाड़ियाँ हैं । _______ गाड़ियों को साफ करो।

(वे, वह, उन, इन)

4) ______ नीता की घड़ी है। ______ घड़ी को वहाँ रखो। (वह,उन, उस, वे )

5) गरमागरम कचोरियाँ हैं। ______ को डिब्बे में रखो। (उस, ये, यह, उन )

## V) तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| ये<br>यह<br>वह<br>वे | कमरा खाली<br>पंछी उड़ते<br>पेन मेरा<br>चित्र अच्छा<br>कुत्ते बैठे | है।<br>हैं। |

VI) निम्नलिखित निश्चयवाचक सर्वनामों का प्रयोग करके वाक्य लिखिए ।

1) उसकी - ____________________

2) वह - ____________________

3) इनके - ____________________

4) इस - ____________________

5) इसका - ____________________

6) उनको - ____________________

7) यह - ____________________

8) उसमें - ____________________

9) ये - ____________________

10) वे - ____________________

## अनिश्चयवाचक सर्वनाम

**कुछ, कोई, किसी ने, किसी को, क़िसी का**

**जिन सर्वनाम शब्दों से किसी निश्चित वस्तु, व्यक्ति या प्राणी का बोध नहीं होता,** उन्हें **अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।** जब निश्चित रुप से हम किसी के बारे में कह नहीं सकते तब हम इन सर्वनामों का प्रयोग करते हैं। जैसे: मेरी कुछ किताबें तुम्हारे पास हैं। देखो कोई बुला रहा है।

पढ़िए और अनिश्चय वाचक सर्वनाम समझिए।







उस लड़के को **किसी ने** देखा?
पता नहीं, कहते हैं **कोई** नौ-दस साल का लड़का था।


वाह! अच्छी खुशबू है। माँ **कुछ** बना रही है।


राहुल क्यों रो रहा है ? उसको **किसी ने** मारा।

**गतिविधियाँ :**

**I) निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और अनिश्चयवाचक सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) राहुल को किसी ने मारा।

2) मौसी ने मेले में से कुछ सामान खरीदा।

3) सुबह-सुबह किसी ने दरवाजा खटखटाया।

4) किसी का बच्चा रो रहा है।

5) मैंने देखा मेज पर कुछ था।

6) टीचर ने किसी को बुलाया है।

7) शीला को शक हुआ कि घर में कोई आया था।

**II) सही अनिश्चयवाचक सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) रवि ने देखा उस कमरे में किसी / कोई / उसने था।


2) वह / किसी ने / कुछ नीता को पीछे से पुकारा।

3) गाँव में चाचा जी को कोई / कुछ / किसी से मिलना था।


4) मीना ने देखा कुछ / किसी का / कोई बटुआ नीचे गिरा था।

5) राजेश रो रहा था क्योंकि उसे किसी / कुछ / कोई की याद आ रही थी।


### III) चित्र देखिए और वाक्य सही जगह पर लिखिए।



क्यों रो रहे हो, तुम्हें किसी ने मारा?



यह किसका है?



आप कुछ ढूँढ़ रहे हो?



ऐसा लगता है
दरवाजे पर कोई है।

## IV) रिक्त स्थानों पर सही अनिश्चयवाचक सर्वनाम लिखिए।

(कोई, किसी को, किसी से, किसी ने, कुछ)

1)राहुल को ______________ फोन करके स्कूल को छुट्टी होने की खबर दी।

2) पेड़ के नीचे ______________ औरतें बैठी थी ।

3) माँ ने ______________ शाल मँगवायी है ।

4) दादी ने बाहर से आवाज दी, "क्या घर में ____________ है ? "

5) हमारे कुत्ते को __________ पत्थर मारा और वह भाग गया।

## V) तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| मीना ने | कुछ<br>किसी को<br>किसी से | मँगवाए।<br>करवाया।<br>किया।<br>दिए। |

1) ________________________________________________

2) ________________________________________________

3) ________________________________________________

4) ________________________________________________

**VI) निम्नलिखित अनिश्चियवाचक सर्वनामों से वाक्य बनाइए।**

1) कोई -

______________________________

2) किसी को -

______________________________

3) कुछ -

______________________________

4) किसी ने -

______________________________

5) किसी का -

______________________________

**(निश्चयवाचक सर्वनाम - यह, वह, उसने , उसको, इसको - ------------ )**

**(अनिश्यवाचक सर्वनाम- कोई, किसीने, किसीको, कुछ ----------------)**

**I) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम पहचानिए और उसका प्रकार लिखिए।**

1) उसने पतंग उड़ायी। (निश्चयवाचक /अनिश्चयवाचक)

2) मौसी ने कुछ कहा लेकिन मुझे सुनाई नहीं दिया। (निश्चयवाचक/अनिश्चयवाचक)

3) उस लड़के ने बल्ला जोर से घुमाया। (निश्चयवाचक /अनिश्चयवाचक)

4) ये लड्डू किसी डिब्बे में भरकर रखो। (निश्चयवाचक /अनिश्चयवाचक)

5) किसी चित्रकार ने यह चित्र बनाया है। (निश्चयवाचक /अनिश्चयवाचक)

**II) सही शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए।**

(किसीने-कोई, वे-उनको, वह-उसको, किसी , यह-इसका )

1) ___________ शेखर है । कक्षा में ___________ पहला नंबर आया।

2) _________ अभी-अभी दरवाजा खटखटाया लेकिन वहाँ ________भी नहीं था।

3) __________ किताबें हैं __________ बस्ते में रखो।

4) राहुल ने __________ बड़े आदमी को घर बुलाया है, इसलिए घर सजाया था।

5) __________ सेब हैं , __________ काटो और खाओ।

**III) नीचे दिए सर्वनाम शब्दों से वाक्य बनाइए।**

1) किसी ने -

______________________________

2) कोई -

______________________________

3) यह -

______________________________

4) वे -

______________________________

5) किसी को -

______________________________

## पाठ -7

### संबंधवाचक सर्वनाम

**जो-सो, जिसने-उसने, जिसने-उसको, जैसा-वैसा, जिसने-उसका**

**एक विशेष व्यक्ति या वस्तु के बारे में बात करते वक्त, जो सर्वनाम किसी दूसरे सर्वनाम के साथ संबंध बताते हैं उन सर्वनामों को संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं।** जैसे:



1) **जिसके** सिर पर टोपी है, **उसका** नाम गोपी है ।
2) **जिस** औरत ने गजरा पहना है, **उसको** बुलाओ।
3) **जो** आदमी पेड़ के नीचे बैठा है, **उसे** पानी दो।
4) **जिस** कुत्ते पर काले धब्बे हैं, **वह** राजू का है।
5) **जो** औरत खड़ी है, **वह** नीता की माँ है।
6) **जिसने** साड़ी पहनी है, **उसका** बेटा पढ़ाई में हमेशा आगे रहता है।
7) **जिसने** फ्रॉक पहनी है **उस** लड़की का नाम नीता है।

**गतिविधियाँ:**

**I) निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और संबंधवाचक सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) जो ज्यादा पढ़ाई करेगा, उसे ज्यादा अंक मिलेंगे ।

2) जिसने गलती की है, उसे दंड मिलेगा।

3) जो करेगा सो भरेगा।

4) जैसा काम करोगे, वैसा फल पाओगे।

5) जिसकी लाठी उसकी भैंस।

**II) सही संबंधवाचक सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) जो तेज दौड़ेगा, उसका इनाम मिलेगा।
जिसे
उसे

2) जिसकी लाल फ्रॉक पहनी है, वह मेरी बेटी है।
जिसने
उसने

3) जैसा काम करोगे वह पैसा पाओगे।
वैसा
कैसा

4) मैंने बगीचे नें किसे देखा था, वह राम नहीं था।
उसे
जिसे

5) जिसे गलती हुई है, उसे माफी माँगनी पड़ेगी।
जिसने
जिसने

**III) सही शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए।**

(जिसके-उसे, जिसे-उसे, जिसने-उसे, जिसने-वह, जो-उसे)

1) __________ भूख लगी है, __________ खाना खाने दो।

2) __________ प्यार से बात करेगा, __________ अच्छा काम मिलेगा।

3) __________ अच्छा निबंध लिखा है, __________ बुलाओ।

4) __________ नीली साड़ी पहनी है, __________ मेरी माँ है।

5) ________ पास रेल का पास या टिकट नहीं होता है, ______ पुलिस पकड़ती है।

**IV) तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| जिसने | चोट लगी है | उसे फिर से लिखना पड़ेगा। |
| जिसको | नीली कमीज पहनी | उसे यह छाता दो। |
| जिसका | जबाब गलत होगा | उसको मरहम लगाओ। |

1) ____________________________________________


2) ____________________________________________

3) ____________________________________________

4) ____________________________________________

5) ____________________________________________

V ) चित्र देखिए और संबंधवाचक सर्वनाम का प्रयोग करके वाक्य लिखिए।



1) ______________________________

2) ______________________________

3) ______________________________

4) ______________________________

5) ______________________________

## पाठ-8

### प्रश्नवाचक सर्वनाम

**कौन?, किसे?, किससे?, किन से?, किसने?, क्या?, कहाँ?, कब?**

**जिन सर्वनामों का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए करते हैं, उन्हें प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं । 'कौन, किसे, किससे, किसने और किनसे** इन **सर्वनामों का प्रयोग सजीव मनुष्यों** और **प्राणियों के लिए किया जाता है।**

जैसे:

तुम्हें किसने बुलाया?
किसकी गाय?
कौनसी गाय?

**वस्तुओं के बारे में प्रश्न करने के लिए 'क्या', 'कौनसा', 'कौनसी'** इन प्रश्नवाचक **सर्वनामों** का प्रयोग करते हैं।

जैसे:

क्या गिरा?
कौनसी चप्पल खो गयी?

इसी तरह **समय या दिन** पूछने के लिए **'कब'** और **जगह** पूछने **के लिए 'कहाँ'** इन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करते हैं।

जैसे:


हमें कब मिलना है?
आप कहाँ जा रहे हो?

## गतिविधियाँ:

**पढ़िए और प्रश्नवाचक सर्वनामों का प्रयोग समझिए।**





आप **कहाँ** से आये हैं ?
श्री.ऐस.पंडित
श्री.गुप्ता
श्री.शर्मा
कार्यालय
आपको **कितने** बजे बुलाया था ?
मुझे चार बजे बुलाया था।
श्री.एस.पंडित
श्री.गुप्ता
श्री.शर्मा
कार्यालय

**गतिविधियाँ:**

**I) निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और प्रश्नवाचक सर्वनाम पर गोल कीजिए ।**

1) यह पेन किसका है ?

2) पिताजी ने बाजार से क्या खरीदा ?

3) शिवाजी ने किस से लड़ाई की थी ?

4) तुम क्या ढूँढ़ रहे हो ?

5) राहुल तुम किसको ढूँढ़ रहे हो ?

**II) सही प्रश्नवाचक सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) बगीचे में से फूल कौन तोड़े?
किसने
क्या

2) टीचर ने कहानी कौन सुनायी?
किसे
किस


3) पिताजी क्या गये?
कौन
कहाँ


4) यह घड़ी किससे और कितने टूट गयी ?
कब
क्या

5) मीना के हाथ में कौन था ?
क्या
किससे

## III ) सही प्रश्नवाचक सर्वनाम लिखकर वाक्य पूरा कीजिए।

जैसे:










आज माँ ने ______ बनाया है ?
आज माँ ने आलू के पराठे बनाये हैं ।


देश की रक्षा __ करता है ?
देश की रक्षा जवान करते हैं।


रोहित ने ______ पकड़ रखा है ?
रोहित ने कुत्ते के पिल्ले को पकड़ कर रखा है।

## IV) तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| फूलदान | क्या | मारा? |
| तुम्हें | किसे | खरीदा ? |
| | कब | मिलवाया? |
| बक्से में | किस ने | चाहिए? |
| | कु छ | बुलाया? |
| आपको | किस से | है? |

**V) रेखांकित शब्दों को प्रश्नवाचक सर्वनाम से बदलकर प्रश्न बनाइए।**

जैसे:

1) दादी ने राक्षस की कहानी सुनाई ।

1) किसने राक्षस की कहानी सुनाई ?

2) माँ ने राहुल को डाँटा।

3) मामा जी खिलौने लाएंगे।

4) फूल पर तितली बैठी थी।

5) नीता को साइकिल चाहिए।

6) यह चित्रकला की कापी मीना की है।

7) राजकुमार ने राक्षस को मारा।

# निजवाचक सर्वनाम

## आप, अपने आप, खुद, स्वयं

जो सर्वनाम खुद को, अपने आपको बतलाए ,या हम ने खुद ने जो काम किया है उसे बतलाना है तो **निजवाचक सर्वनाम** इस्तेमाल करते हैं । स्वयं के लिए प्रयुक्त किये जाने वाले शब्दों को निजवाचक सर्वनाम कहते हैं।

जैसे: 1. मैं ये कपड़े खुद धो लूँगा ।
2. मैं अपने आप चला जाऊँगा ।
3. तुम ये कपड़े स्वयं धो दो ।
4. वह खुद दौड़ लेगा।







क्या यह निबंध तुमने लिखा है?
हाँ, मैंने **अपने आप** यह निबंध लिखा है।
मेरी बहन ने **खुद** यह रंगोली बनाई है।
प्रधानमंत्री **खुद** यहाँ आये थे।

**गतिविधियाँ:**

**I) वाक्य पढ़िए और निजवाचक सर्वनाम ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।**

1) मैंने खुद काम करके पैसे कमाए हैं।

2) मैं स्वयं आपको लेने आऊँगा।

3) राजू ने अपने आप गलती मान ली।

4) आज मैं अपने आप पढ़ाई कर लूँगा।

5) नीता ने स्वयं सब जिम्मेदारी संभाली।

**II) सही निजवाचक सर्वनाम पर गोल कीजिए।**

1) अपनी गलती के लिए राजू ने खुद ने जिम्मेदार माना।
खुद से
खुद को

2) दादी के गाँव लौट जाने पर मीना ने स्वयं से बहुत अकेला पाया।
स्वयं
स्वयं को

3) रविवार को पिताजी खुद को कपड़े खरीदेंगे।
खुद
खुद से

4) रुपा ने अपने आप का कुर्ता सिया।
अपने आप
अपने आप से

5) मछुआरे ने खुद से डूबती लड़की को बचाया।

खुद

खुद को

## III) सही शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए।

(खुद को, खुद, अपने आप, स्वयं )

1) पुलिस को चारों ओर देखकर डाकू ने __________ गोली मार ली ।

2) सीता ________ खाना बनाती है।

3) रीमा ने __________ कपड़े धोये।

4) गीता ने _______ पूछा,"क्या मैं इतना सारा काम कर पाऊँगी ?"

5) राहुल ने __________ अपनी पढ़ाई कर ली।

6) बच्चा __________ हँस पड़ा।

## IV) सर्वनाम का प्रयोग करके वाक्य बनाइए ।

1) खुद = ____________________

2) स्वयं = ____________________

3) अपने आप = ____________________

4) खुद को = ____________________

5) स्वयं को = ____________________

## पुनरावलोकन

**(संबंधवाचक सर्वनाम- जिसने-उसका, उसकी, उसको, जो-वो)**

**(प्रश्नवाचक सर्वनाम- कौन, किसने, किसे, किनसे, क्या, कब, कहाँ)**

**( निजवाचक सर्वनाम- स्वयं, खुद, अपने आप, आप)**

**I) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सर्वनाम पहचानिए और उनके प्रकार लिखिए।**

गर्मी की छुट्टियाँ थी । दोपहर का समय था । माँ सो रही थी । बच्चे बहुत मस्ती कर रहे थे और खेल रहे थे । तभी उनके खेल-खेल में अचार की काँच की बोतल नीचे गिरी और फूट गयी । इस अवाज से माँ की नींद खुल गयी। माँ ने देखा बोतल के टुकड़े जमीन पर बिखरे पड़े थे । उसने पूछा, "यह बोतल किसने तोड़ी ?" किसी ने कुछ नहीं कहा । माँ ने कहा,

"जिसने यह बोतल तोड़ी है उसे सजा मिलेगी।"

फिर कुछ देर बाद छोटी टीना ने स्वयं अपनी गलती मान ली। माँ ने कहा, "जिसने सच कहा उसे सजा नहीं मिलेगी। लेकिन मैंने तुम्हें कितनी बार समझाया है तुम रसोईघर में मत खेलो क्योंकि यहाँ कुछ भी हो सकता है। देखो अगर ये काँच के टुकड़े तुम्हारे पैर में लग जाते तो!" माँ ने क्या कहा इस पर सब बच्चे सोचने लगे और उन्होंने कहा कि वह अब इसके बाद कभी-भी रसोईघर में नहीं खेलेंगे।

## II) रिक्त स्थान भरिए।

(किसने, स्वयं, किसे, क्या, जिस-वह, खुद को, जो-वह)

1) ____________ लड़के ने चश्मा पहना है, ____________ बहुत होशियार है।

2) यह रंगोली ____________ बनाई ?

3) आज टीचर ने ____________ मारा ?

4) अर्जुन ने ____________ ही अपनी पढ़ाई कर ली।

5) ____________ अच्छा चित्र निकालेगा, ____________ पिताजी के साथ घूमने जाएगा।

6) सीता ने ____________ आईने में देखा और वह शरमायी।

7) दादी माँ गाँव से आते वक्त ____________ लाएगी यह जानने के लिए मीनल उत्सुक थी।

## III) नीचे लिखे सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए।

1) जिसने-उसका

______________________________________________

2) किसने

______________________________________________

3) अपने आप

______________________________________________

4) कौन

______________________________________________

5) जो-वह


______________________________________________


# आओ हिंदी सीखे

* रोचकता से हिंदी भाषा सिखाने के लिए आओ हिंदी सीखे पुस्तक मालिका 3 स्तरों पर उचित क्रम से ( जैसे- सरलतम से कठिनतम) की गयी है।

* ये किताबें आकर्षक चित्रों से, मनोरंजक कहानियों से तथा पात्रों से परिपूर्ण हैं, जिससे बच्चा आसानी से एवम् सरलता से हिंदी भाषा सीख पाएगा।

* इसमें दी हुई गतिविधियाँ बच्चों को पढ़ाई हुई संकल्पना स्थिर और दृढ़ करने में प्रयत्न करती हैं।









वर्ण संसार

-वर्णमाला

-बारहखड़ी

-संयुक्ताक्षर




शब्द संसार

भाग -1

- संज्ञा भाग -1
- संज्ञा भाग -2
- संज्ञा भाग -3
- संज्ञा भाग -4
- विलोम

भाग -3


- क्रिया
- क्रिया काल रूप
- प्रेरणार्थक क्रिया
- शब्द रूप परिवर्तन
- सर्वनाम

शब्द संसार

भाग -2

- शब्द एक अर्थ अनेक
- अर्थ एक शब्द अनेक
- विशेषण
- अनुप्रासक शब्द
- ऊनार्थक




वाक्य संसार

-वाक्य-1 वाक्य के अवयव

-वाक्य-2 रचना के प्रकार

-वाक्य-3 अर्थ के प्रकार

-वाक्य-4 वाच्य के प्रकार

-वाचन और लेखन कौशल्य

* भाषिक वातावरण का निर्माण करके बच्चों में पढ़ने की इच्छा बढ़ाती है।